## डूंडासिवनी में निकाली नशा मुक्ति रैली

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में आमजनों को कराया अवगत

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय म.प्र. भोपाल के आदेशानुसार दिनांक 26 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन आशादीप स्कूल डूंडासिवनी में किया गया।

प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संदीप परते, द्वारा बताया कि 26 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर युवाओं, छात्र/छात्राओं एवं जनसामान्य में बढ़ती हुई तम्बाकू /धुम्रपान सेवन की प्रवृति को रोकने एवं जनजागृति हेतु जिले में नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया।

उक्त रैली नशामुक्ति रथ के साथ प्रातः 9 बजे आशादीप स्कूल डूंडासिवनी से प्रारंभ होकर गोंडी मोहल्ला होते हुये डूंडासिवनी चौक से आशादीप स्कूल में समापन हुआ। रैली में गायत्री परिवार, ब्रम्हकुमारी संस्था एवं अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक तथा विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों की सहभागीता रही। नशामुक्ति रैली के दौरान मानव श्रंखला बनाकर रास्ते से गुजरने वाले आम जनमानस को गुलाब के फूल भेंट कर स्वयं को एवं स्वयं के परिवार को नशे से दूर रहने की अपील की गई एवं उनके पास उपलब्ध नशे की सामग्री जैसे गुटखा, तम्बाकू, बीड़ी आदि को व्यसन मुक्त दान पात्र में डाला गया।




श्री परते ने बताया कि इस अवसर पर ब्रम्हकुमारी संस्था के बच्चों द्वारा जिले को नशे से दूर करने के लिए नाटक प्रस्तुत किया गया। साथ ही उक्त कार्यक्रम में ब्रम्हकुमारी के श्री चैतन भाई एवं श्री रमेश भाई द्वारा अपने जीवन से नशे पूर्ण रूप से छोड़ने की बात बताई गई।

इस अवसर गायत्री परिवार से अशोक कुमार गोस्वामी एवं सहयोगी, ब्रम्हकुमारी आश्रम से गीता दीदी एवं सहयोगी, न्यू अभिनव प्रयास से इमरान व सहयोगी, सार्थक पहल संस्था से प्रगेश नामदेव व साथी गण, आशादीप विशेष विद्यालय के सचिव बी.एल. वर्मा, सामाजिक न्याय सिवनी व जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र सिवनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में संदीप परते द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगो का आभार व्यक्त किया गया।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित

**रामाकोना, देशबन्धु ।** ग्राम के वार्ड क्रमांक 17 दुर्गा कॉलोनी स्थित गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल रामाकोना मे गुरुवार को दोपहर बाद तहसील विधिक सेवा समिति सौसर के तत्वावधान मे विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सिविल कोर्ट सौसर के जज अनिरुद्ध कुमार उचारिया के मुख्य आतिथ्य मे शाला के संचालक सदाशिव खंडाईत, सेवानिवृत शिक्षक रामराव कुमरे की प्रमुख उपस्थिति एवं शाला की प्राचार्या लक्ष्मी खंडाईत की अध्यक्षता मे कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर सरस्वती माता के पूजन के साथ की गयी। शाला के कर्मचारीयों द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता जज अनिरुद्ध कुमार द्वारा छात्र छात्राओं को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन वंचित और कमजोर वर्गों के लोगों को न्याय व्यवस्था से जोड़ने और उन्हें सशक्त बनाने में मदद करते हैं। विधिक जागरूकता कार्यक्रम मे छात्र छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दि , ताकि उनका लाभ उठा सकें।




यह सुनिश्चित करना कि हर व्यक्ति, खासकर कमजोर वर्ग, न्याय तक पहुंच सके। मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना, खासकर उन लोगों के लिए जो कानूनी कार्यवाही में सहायता नहीं कर सकते। सामाजिक बुराइयों, जैसे बाल विवाह, दहेज, आदि के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना। कानूनी सलाह और सहायता प्रदान करना। जरूरतमंद लोगों को मुफ्त कानूनी सलाह देना। छात्र छात्राओं को विशेष तौर पर वर्तमान मे मोबाइल से होने वाले अपराध के बारे मे बताया तथा ऐसे कोई कॉल का मेसेज पर भरोसा ना करें जो तुम्हे लालच दे रहा हो।

अंत मे जज साहब द्वारा बच्चों को मेहनत करने पर जोर दिया गया और मेहनत करने वाले को फल जरूर मिलता है इस बारे मे बताया.

कार्यक्रम का संचालन वैदिका चौधरी द्वारा किया गया. इस अवसर पर शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाये उपस्थित रही।

## सार-समाचार

### नायब तहसीलदार स्थानांतरित, सम्पूर्ण प्रभार तहसीलदार को सौंपा

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** विगत दिवस तहसील क्षेत्र में जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने नायब तहसीलदार रमाकांत चौकसे का स्थानांतरण छिंदवाड़ा जिला हो जाने पर उनका सम्पूर्ण प्रभार तहसीलदार गोटेगांव नीरज तखरया को अपने कार्य के साथ- साथ अस्थायी तौर पर आगामी आदेश तक सौंपा है।उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के राजस्व विभाग वल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार नायब तहसीलदार रमाकांत चौकसे का स्थानांतरण नरसिंहपुर जिले से छिंदवाड़ा जिला किया गया है। शासन के आदेश के परिपालन में नायब तहसीलदार चौकसे को अपने नवीन पदस्थापना स्थल जिला कार्यालय छिंदवाड़ा में उपस्थित दिये जाने के लिए 25 जून को अपरान्ह में भारमुक्त किया गया है।

### आदतन अपराधी सखन भलावी छह माह के लिए जिलाबदर

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संस्कृति जैन ने आदतन अपराधी सखन भलावी पिता श्यामलाल भलावी उम्र 26 वर्ष निवासी काली मंदिर के पास कटंगी नाका सिवनी को पुलिस अधीक्षक सिवनी के प्रतिवेदन के आधार पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के अंतर्गत छः माह की कालावधि के लिए सिवनी जिले सहित छिंदवाडा, नरसिंहपुर, जबलपुर, बालाघाट तथा मण्डला जिले की राजस्व सीमा से निष्कासित करने के आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन में अनावेदक के विरूद्ध 2023 से 2025 तक 08 आपराधिक मामले पंजीबद्ध हैं।

### कॉलेज लेबल काउंसिलिंग प्रारंभ

**सिवनी, देशबन्धु।** प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिवनी ने बताया कि शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सत्र 2025.-26 हेतु डिप्लोमा इंजीनियरिंग में द्वितीय चरण के प्रवेश पश्चात रिक्त सीटों पर कॉलेज लेवल काउंसिलिंग द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया की जाएगी। डीटीई एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर सी एल सी हेतु रजिस्ट्रेशन दिनांक 18/06/2025 से प्रारंभ हो चुका है। प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभ्यार्थी सीएलसी पंजीयन पूर्ण करने के पश्चात दिनांक 02/07/2025 को महाविद्यालय में उपस्थित होकर सीएलसी रजिस्ट्रेशन स्लिप दसवीं की मार्कशीट, टी सी. मूलनिवासी, जाति प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र आदि की मूलप्रति तथा प्रवेश शुल्क रू0 8650/- अनारक्षित एवं ओबीसी), एवं एससी/एसटी के अभ्यर्थियों हेतु शुल्क रु. 1150/- आय सीमा 1.20 लाख से कम तथा 3.00 लाख तक रू. 4900/-4 आय 3.00 से अधिक होने पर 8650/- शुल्क देय होगा।

## मंगल भवन का निरीक्षण करने पहुंचे वार्ड पार्षद



### ठेकेदार को दी हिदायत गुणवत्ता को ध्यान में रखकर करें निर्माण कार्य

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्रमांक 08 में 20 लाख की लागत से बन रहे मंगल भवन का निरीक्षण करने गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे के निर्देशन में वार्ड पार्षद प्रमोद बंदेवार एवं राजेंद्र सूर्यवंशी मौका स्थल पर पहुंचे।

उन्होंने निर्माण कर रहे ठेकेदार को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य करने की हिदायत दी। साथ ही गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न किए जाने की बात भी कही गई।

गौरतलब हो कि वार्ड क्रमांक 8 के वार्डवासियों द्वारा बीते कई वर्षों से मंगल भवन की मांग की जा रही थी। वार्ड पार्षद द्वारा वार्ड वासियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए वार्ड में 20 लाख की लागत से मंगल भवन स्वीकृत कराया गया है। मंगल भवन निर्माण कार्य के बाद वार्डवासियों को इसका लाभ प्राप्त होगा।

## ई अटेंडेंट का विरोध करेंगे, ज्ञापन देंगे आज

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** तृतीया वर्ग कर्मचारी संघ जिला छिंदवाड़ा के तत्वावधान में जिले में कार्यरत समस्त शिक्षकों से अपील है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों का अपमान करने हेतु प्रदेश के सभी विभाग छोड़ कर केवल शिक्षकों को ही ई अटेंडेंट लगाने हेतु बाध्य किया जा रहा है और शिक्षक को कामचोर समझा जा रहा उनके ऊपर विश्वास नहीं किया जा रहा । अगर ई अटेंडेंट लगाना है तो शासन के समस्त विभाग के कर्मचारी,अधिकारियों को ई अटेंडेंट लगाना चाहिए शिक्षकों को वरीयता का लाभ देकर पुरानी पेंशन लागू करने के बाद ही ई अटेंडेंट लगाना चाहिए ।

समस्त शिक्षकों से अपील की जाती है कि ई अटेंडेंट के विरोध में दिनांक 27/06/2025 शुक्रवार को शाम4,30 बजे को कलेक्टर महोदय छिंदवाड़ा को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन देने हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की जाती है। अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी तृतीयावर्गकर्मचारी संघ छिंदवाड़ाके द्वारा जानकारी में बताया गया है कि जिले के समस्त विकासखंड एवं तहसील के पदाधिकारी से निवेदन है कि वह अपने बैनर के साथ 20 -20 शिक्षक साथियों के साथ कलेक्ट्रेट के सामने वाले मैदान में 4:30 बजे एकत्रित होना सुनिश्चित करें उपरोक्त ज्ञापन के साथ शिक्षकों की अन्य समस्याओं से संबंधित भी अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## आम गिरी नागद्वार सेवा समिति की बैठक आयोजित

**सौसर, देशबन्धु।** सौसर नगर के वार्ड नंबर 10 में पुर्व पार्षद एवं सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पवन सरोदे के निवास स्थान पर बुधवार रात 8 बजे आम गिरी नागद्वार सेवा समिति की बैठक रखी गईं ।



जिसमे अनेक विषयो पर विचार कर उनको पूरा करने की संकल्प लिया गया, साथ सबसे पहले समिति का जो मुख्य उद्देश्य है भंडारा इसका आयोजन 24 जुलाई से 29 जुलाई तक सुबह से शाम तक करने का निर्णय लिया गया ।29 जुलाई क़ो नागपंचमी के उपलक्ष्य मै भव्य कढ़ाई का आयोजन किया जाना है,आम गिरी सौसर का क्षेत्र बढ़ाने हेतु वहा तारों की फिंसिंग करने का निर्णय लिए गया,विधुत व्यवस्था क़ो और बेहतर बनाने पर विचार विमर्श किया गया। समिति के सभी सदस्यों के द्वारा मेले पर आमगिरी सेवा समिति सौसर द्वारा आयोजीत भंडारे क़ो सफल बनाने के लिए सभी एक जुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया ।

बैठक में मुख्य रूप से नरेन्द बोडखे, शंकर खड़से, गोलू वाढेकर, सुनील वाढेकर, जीतू कोठेकर, प्रशांत बोबडे, अमोल मुंगोले, संजय रेवासकर, सचिन फसाटे, अक्षय बोबडे, अनिल हेड़ाऊ, अर्जुन श्रीखंडे अंकुश अडाऊ विनय गाडगे, शुभम बोडखे, गणेश आवडे संजय भेदकर, दुर्गेश श्रीखंडे, जगदम्बे, राकेश मानकर, विशाल रेवसकर, पवन सरोदे, राकेश घोड़मारे उपस्थित रहे।

## लंबित आवेदनों का करें त्वरित निराकरण

### कलेक्टर ने की धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की प्रगति की समीक्षा

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर संस्कृति जैन ने बुधवार 25 जून को सभी एसडीएम, सीईओ जनपद एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों तथा अभियान से जुडे अधिकारियों की बैठक लेकर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर सुश्री जैन ने जिलें की 292 पंचायतों के 397 ग्रामों में 15 जून से आरम्भ हुए धरती आबा अभियान अंतर्गत चिन्हांकित सेवाओं में आज दिनांक (25 जून) तक पात्र हितग्राहियों से प्राप्त आवेदनों एवं आवेदनों के निराकरण स्थिति की अनुभगवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अनुभागवार आयुष्मान कार्ड, जाति निवास प्रमाणपत्र, एलपीजी गैस कनेक्शन, जन्म प्रमाणपत्र, राशन कार्ड सहित अन्य चिन्हांकित योजना के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर संबंधित सीईओ जनपद तथा विभागीय अधिकारी को तत्काल पात्र व्यक्तियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य सर्वे दल को घर घर जाकर चिन्हांकित शेष रहे लाभार्थियों को पात्रतानुसार योजना के लाभ से लाभांवित करने के निर्देश दिए। उन्होंने धरती आबा अभियान में चिन्हांकित जनजातीय वर्ग का कोई भी व्यक्ति आधार कार्ड, जनधन खाते, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान सम्मान निधि और राशन कार्ड सहित अभियान में अधिसूचित अन्य मूलभूत सेवाओं के लाभ से वंचित न हों।

बैठक में प्रभारी सीईओ जिला पंचायत सुनीता खण्डायत, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सत्येन्द्र मरकाम सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 27 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया, नक्षत्र-पुनर्वसु।**

मेष - भावनाओं का अतिरेक आपके मन को संवेदनशील बना देगा, इसलिए किसी की वाणी और व्यवहार से आपको जल्द बुरा महसूस होगा।

वृषभ - आपकी चिंता कम होने से राहत का अनुभव होगा। आपका मन प्रेम से परिपूर्ण रहेगा। आपकी सृजनशीलता और कल्पना शक्ति में भी वृद्धि होगी।

मिथुन - आपके निर्धारित काम पूरे होने में विलंब होगा। वित्तीय योजनाएं अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। **म-248-800**

कर्क - आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आपका आज का दिन मित्रों और स्नेहियों के साथ मौज-मस्ती में गुजरेगा। आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे।

सिंह - मन में अस्थिरता और भावना की दुर्बलता के कारण आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। गलत वाद-विवाद या चर्चाओं में न पड़ें।

कन्या - आपकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से आपको लाभ होगा। व्यापार और नौकरी करने वाले लोगों को आर्थिक लाभ हो सकेगा।

तुला - आज घर और ऑफिस में अच्छा वातावरण मिलने के कारण आप खुश होंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी करने वाले लोग उच्च पद प्राप्त कर सकेंगे।

वृश्चिक - आज आप नकारात्मक विचारों में रह सकते हैं। भय का अनुभव होगा, थकान लगेगी, स्फूर्ति का अभाव महसूस होगा। नौकरी या व्यवसाय में कठिनाई हो सकती है।।

धनु - कुछ खराब प्रसंग, बीमारी या उग्र स्वभाव के कारण आप मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। आपको क्रोध पर नियंत्रण में रखने की सलाह दी जाती हैं।।

मकर - आपको काम की चिंता रहेगी। सगे- सम्बंधियों के साथ दिन मौज-मस्ती में दिन व्यतीत होगा। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने-फिरने का आनंद ले पाएंगे।

कुंभ - आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-जोल बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे।

मीन - आपकी सृजनशक्ति में वृद्धि होने के कारण आप कला और साहित्य में रुचि लेंगे। आप अत्यधिक भावनाशील बनेंगे और स्नेहीजनों के साथ सम्बंध प्रगाढ़ बनेंगे। **म-117-245**

**4,9,3,8-46,93,35,88,54,03,71,69**

## मातृशक्ति महिला आजीविका संकुलस्तरीय संगठन की वार्षिक सभा आयोजित

**सिवनी, देशबन्धु ।** 24 जून को कलेक्टर संस्कृति जैन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी के मार्गदर्शन में मातृशक्ति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संगठन की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन सीएलएफ मुख्यालय- डोरलीछतरपुर में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि- जनपद पंचायत सिवनी की अध्यक्ष किरण भलावी, अध्यक्षता मोनिका मर्सकोले, विशिष्ट अतिथि एलडीएम प्रवीण सिसोदिया एवं जिला परियोजना प्रबंधक संजय रस्तोगी, जिला कार्यालय एवं विकासखंड कार्यालय से समस्त स्टाफ एवं जनपद पंचायत सिवनी क्षेत्र के 7 संकुल संगठनों के पदाधिकारी एवं समूह की दीदीया उपस्थित हुई।



कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों के द्वारा सरस्वती पूजन किया गया। उपस्थित दीदीयो के द्वारा सरस्वती वंदना एवं सीएफ की प्रार्थना की गई एवं अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर सीएलएफ सदस्यों द्वारा किया गया, तत्पश्चात सीएलएफ पदाधिकारी/प्रबंधक सविता मरावी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा, प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं सोफल भलावी द्वारा ऑडिट रिपोर्ट, आगामी कार्य योजना व अनुमानित वार्षिक बजट को प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में अतिथियों के द्वारा उद्बबोधन दिया गया। जिसमें समूह /ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन के 13 सूत्र एवं सामुदायिक संस्थाओ को कैसे मजबूत कर सकते है पर प्रकाश डाला गया साथ ही समस्त समूहों को समय अनुसार वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना, गतिविधियों से जोड़ना एवं नियमित रूप से वित्तीय लेनदेन करते हुए लखपति श्रेणी में शामिल करने पर समझ विकसित की गई।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी प्रस्तुतीकरण समूह की दीदीयो की बच्चियों के द्वारा प्रस्तुत किए गए जो अति मनमोहक थे, दीदीयो के द्वारा स्वयं की सफलता की कहानी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा सीएलएफ क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूह, ग्राम संगठन,कृषि सखी, पशु सखी, समता समन्वयक, बैंक सखी, डोन दीदी आदि को बेहतर कार्य के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के समापन के दौरान समस्त दीदीयो को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई एवं संकुल संगठन अध्यक्ष मोनिका मर्सकोले दीदी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई

## गो ग्रास वाहन का शुभारंभ

**सौंसर, देशबन्धु।** सेवा संभव संस्थान द्वारा नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में आवारा गोवंशों की सेवा हेतु एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। इस अभियान के अंतर्गत गौ ग्रास वाहन के माध्यम से नगरवासियों से रोटी एवं गौ ग्रास एकत्र कर उसे स्थानीय गौशालाओं एवं सड़कों पर विचरण कर रहे गोवंशों तक पहुडुचाया जाएगा।



इस सेवा का उद्देश्य सिर्फ पेट भराना नहीं, बल्कि समाज में करुणा, दया और जिम्मेदारी का भाव जगाना है।

इस अवसर पर सौंसर क्षेत्र के समाज सेवी, भा.ज.पा. जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़ एवं विधायक विजय चौरे की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों जनप्रतिनिधियों ने इस सेवा कार्य की खुले दिल से सराहना की तथा नगरवासियों से आह्वान किया कि सिर्फ 365 रुपये वार्षिक सहयोग एक बार (प्रति दिन 1 रुपये) देकर इस अभियान को गति दें।

प्रतिनिधियों ने बताया कि यह सेवा राजनीति से परे, केवल गौ सेवा को जनआंदोलन बनाने की भावना से प्रेरित है और इसका संचालन पूरी तरह जनसहयोग से किया जा रहा है।

दोनों ही जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि गौ माता की सेवा न किसी एक पार्टी की ज़िम्मेदारी है, न किसी संस्था की। यह तो हर नागरिक की साझा आस्था और सामाजिक कर्तव्य है। सेवा का कोई रंग नहीं होता, उसका सिर्फ उद्देश्य होता है। और वह है करुणा।

आपका सहयोग जरूरी है।

365 रुपये वर्ष एक बार देकर आप इस पुण्य कार्य का हिस्सा बन सकते हैं।

हर रोटी, हर सहयोग — एक गोवंश के जीवन की रक्षा कर सकता है। सेवा संभव संस्थान आप सभी गौप्रेमियों से इस पवित्र प्रयास में सहभागी बनने का आग्रह करता है।